भविष्य की योजनाओं के लिए रोडमैप तैयार करना जरूरी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) और डिकोड प्रो. सॉफटवेयर्स देहरादून के तत्वावधान में शनिवार को स्टार्टअप ईको सिस्टम पर एक दिवसीय सत्रमार्ग 1.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि के संस्थापक कुलपति प्रो. वीके तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में अध्ययन के अलावा अतिरिक्त समय में भविष्य की योजनाओं का रोडमैप भी तैयार किया जाना जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप के महत्व के बारे में जानकारी दी।

■ स्टार्टअप ईको सिस्टम पर एक दिवसीय सत्रमार्ग 1.0 का आयोजन

कार्यक्रम में फाउंडर एंड सीईओ-दिगान्तर रिसर्च एण्ड टैक्नोलॉजी बैंगलोर राहुल रावत ने अपने अनुभव छात्रों से साझा किये। वहीं, रौविन नागर फाउंडर एंड सीईओ-वैली कल्चर इण्डिया ने छात्रों के बीच अपने वास्तविक जीवन में आयी विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया और फिर उन समस्स्याओं से निपटने के समाधान स्टार्टअप के माध्यम से ढूंढने के तरीके छात्र-छात्राओं से साझा किए।

विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि स्टार्टअप के माध्यम से अपने भविष्य की कार्ययोजना पर काम करें।

उन्होंने छात्रों को स्टार्टअप, इनोवेशन और रिसर्च पर कार्य करने को प्रोत्साहित किया और विश्वविद्यालय की तरफ से स्टार्टअप के लिए यूटीयूआई-हब के माध्यम से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में दीपक राजपूत, रोशनी मोंगा फाउंडर्स डिकोड प्रो. सॉफ्टवेयर्स देहरादून, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान निदेशक डॉ. मनोज कुमार पाण्डा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. वीके पटेल, डॉ. विशाल रमोला, डा. रश्मि सैनी, विवि के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।